बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (बेली रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 01 जून 2024

लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत आज दिनांक 01.06.2024 को सातवें एवं अंतिम चरण का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होने के साथ ही मतदान का सभी चरण बिहार में भी पूरा हो गया। आगे मतगणना की तैयारियों के लिए निर्वाचन विभाग, बिहार द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो दिनांक 04.06.2024 से सभाकक्ष में प्रातः 07:00 बजे से कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष में 02 दूरभाष सं० 0612–2217601 एवं 0612–2217602 (5–5 हंटिंग लाइनों के साथ) तथा 01 फैक्स सं० 0612–2217597 अधिष्ठापित रहेंगे। नियंत्रण कक्ष द्वारा सभी 40 लोक सभा क्षेत्रों सहित अगिऑव विधानसभा उपचुनाव के मतगणना कार्य का निरंतर अनुश्रवण किया जाएगा तथा तत्संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त किए जाएँगे। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्री आलोक रंजन घोष, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार रहेंगे तथा श्री मिथिलेश कुमार साहु (संयुक्त सचिव) एवं श्री माधव कुमार सिंह (संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) द्वारा उन्हें इस कार्य में सहयोग प्रदान किया जाएगा।

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में बक्सर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में नौ (09) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत छः (06) एवं सहरसा जिलांतर्गत तीन (03)। इस संदर्भ में नौ (09) एफआईआर दर्ज हैं। निर्वाचक को प्रलोभन पहुँचाने के संदर्भ में पटना जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 31.05.2024 को कुल **₹0.11200**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–16574.61(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹47.51780**(लाख) रूपये हैं। वहीं कीमती धातुओं की बात है तो कुल **₹0.50000**(लाख) रूपये मूल्य के 3.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹163.13371**(लाख) रूपये मूल्य की 87659.58 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹211.26350**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।